STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Sub:2nd language (Hindi)

Topic: poem.

Class: VI.

Date:7/5/2020

Time limit:30 mins.

Worksheet no -10

दिए गए कविता को भावार्थ सहित पढ़िए और याद करके लिखिए।

1 एक देश मेरे सपनों का

हमारा देश विविधताओं का देश है। विभिन्न जातियों, धर्मों, भाषाओं में बँटा होने के बावजूद भारत एक है। भारत की इस अनुपम विशेषता की सराहना तो पूरा विश्व करता है।



एक देश मेरे सपनों का, जिसके रूप हज़ार।
नई–नई आशाओं वाला, भारत का संसार।।

कोई राम–नाम गुण गाए
कोई कहे रहीमा,
चर्च, विहार और गुरुद्वारे
पावन सबकी सीमा,

एक देश मेरे सपनों का, जिसके रूप हज़ार।
नई–नई आशाओं वाला, भारत का संसार।।

कश्मीरी, कन्नड़, गुजराती,
असमी, बँगला, उड़िया,
मलयालम, हिंदी, उर्दू सब
बोले मेरी गुड़िया,

एक देश मेरे सपनों का, जिसके रूप हज़ार।
नई–नई आशाओं वाला, भारत का संसार।।

अनगिन घर आँगन परिवारे
धरती एक हमारी,
रंग–बिरंगे फूलों वाली
यह अपनी फुलवारी,

एक देश मेरे सपनों का, जिसके रूप हज़ार।
नई–नई आशाओं वाला, भारत का संसार।।

–वेदव्यास

Scanned with CamScanner

प्रथम पद्यांश

भावार्थ

प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने भारत की अनेकता में एकता को दर्शाने का प्रयास किया है। भारत अपनी विविधताओं के बावजूद भी सभी धर्मों के लोगों को एक सूत्र में बाँधे हुए है। यह सपनों के नगरी के समान लगता है। यह अपने हजारों रूप में विश्व-विख्यात है। अनेक रूप से तात्पर्य है कि एक और भारत जहाँ विकास के मार्ग पर चलकर विश्व में ख्याति बटोर रहा है, वहीं अपने छोटे-छोटे गाँवों को भी संपन्न और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहा है। एक ओर जहाँ सभी मिलकर ईद और दिवाली मनाते हैं, वहीं दूसरी ओर कोई आपदा (मुसीबत) आ जाने पर सब साथ मिलकर उससे लड़ते हैं। अपनी इस प्रकार के गतिविधियो द्वारा सभी सकारात्मक सोच और नई आशाओं का संचार करता है। यहाँ प्रत्येक धर्म के लोगों को अपने धर्म मानने की पूरी आजादी है। सभी धर्म अपनी पवित्रता के साथ समस्त लोगो को एक सूत्र में बाँधे हुए है।

द्वितीय पद्यांश

भारत एक ऐसा देश है, जहाँ कुछ-कुछ दुरी पर ही बोलियाँ और भाषाएँ बदल जाती है, पर सभी बोलियों की अपनी मिठास है। सभी भाषाओं के लोग एक दूसरे का सम्मान करते है और एक दूसरे के साथ मिलजुल रहते हैं।

तृतीय पद्यांश

भारत में अनगिनत घर-परिवार हैं और ये सभी विभिन्न जातियों, धर्मों से संबंध रखते हैं, पर सभी एक ही धरती पर रहते हैं। यह ऐसा प्रतीत होता है जैसे- रंग-बिरंगे फूलों वाली कोई फुलवारी हो। जैसे- बाग अपने विभिन्न प्रकार और रंग के फूलों के साथ बहुत ही सुंदर और मोहक दिखता है वैसे ही भारत भी अनेकता में एकता के लिए पूरे विश्व में सराहा जाता है।

(बच्चों दिए गए भावार्थ के साथ कविता पढ़कर अच्छे से समझिए। फिर याद करके एक पृष्ठ (Sheet) साफ और स्पष्ट लिखिए।)